# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 04.05.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

**मुख्य समाचार''**

- पश्चिम बंगाल, असम व पुद्दुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को दी बधाई– प्रदेश भाजपा ने मनाया जश्न।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में ई–मोबिलिटी को बढ़ावा दे रही है राज्य सरकार।
- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम किया घोषित– 92 दशमलव शून्य–दो प्रतिशत रहा परिणाम।
- सिरमौर ज़िले के संगड़ाह उपमंडल में एक कार के गहरी खाई में गिरने से 4 लोगों की मौत– एक घायल।

**और**

- केंद्र सरकार के अनुसार देशभर में वितरकों के पास एल.पी.जी. की कोई कमी नहीं– व्यावसायिक एल.पी.जी. आपूर्ति 70 प्रतिशत तक बहाल।

-----------

**विधानसभा चुनाव**

चार राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मतों की गिनती जारी है। पश्चिम बंगाल में भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर है, जबकि असम और पुद्दुचेरी में वह सहयोगी दलों के साथ सत्ता में वापसी कर रही है। तमिलनाडु में टी.वी.के. जबकि केरलम में कांग्रेस के नेतृत्व में यू. डी.एफ. स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है और मतदाताओं का आभार जताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता की शक्ति की जीत हुई है और भाजपा की सुशासन की राजनीति विजयी हुई है।

**भाजपा**

इधर प्रदेश भाजपा ने 3 राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर शिमला में जश्न मनाया। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपिन परमार ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बधाई देते हुए कहा कि ये जीत सुशासन, विकास और राष्ट्रहित की राजनीति पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि ये जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता का विश्वास और भाजपा की विचारधारा की विजय है। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

राजीव बिंदल ने सोलन में आयोजित जश्न कार्यक्रम में भाग लेते हुए इसे देश की जनता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जताए गए विश्वास की मुहर बताया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफैसर प्रेम कुमार धूमल ने पश्चिम बंगाल, असम और पुद्दुचेरी में भाजपा की शानदार विजय पर देशभर के पार्टी कार्यकताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बढ़ते जन–विश्वास, राष्ट्रवादी सोच और भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज राज्य सचिवालय से नगर निगम शिमला के कचरा संग्रहण के 10 इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल के साथ नगर निगम शिमला राज्य का पहला शहरी स्थानीय निकाय बन गया है, जिसने चरणबद्ध तरीके से कचरा प्रबंधन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआत की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में ई–मोबिलिटी को बढ़ावा दे रही है और हिमाचल को देश का एक हरित राज्य बनाने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर इससे नगर निगम का खर्च भी कम होगा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**परीक्षा परिणाम**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आज 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। विज्ञान, कला और वाणिज्य तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम 92 दशमलव शून्य–दो प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 81 हज़ार 4 सौ 17 परीक्षार्थियों में से 74 हज़ार 6 सौ 37 विद्यार्थी सफल रहे, जबकि 3 हज़ार 71 की कंपार्टमेंट आई है। कला संकाय में कांगड़ा ज़िला के भवारना स्थित पी.एम.श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र अंशित कुमार ने 99 दशमलव 2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल किया है। विज्ञान संकाय में शाहपुर छतड़ी की साईला कश्यप 99 प्रतिशत अंक लेकर पहले स्थान पर रही, जबकि वाणिज्य संकाय में ऊना ज़िला के गगरेट की यशश्वनी चौहान, कृषिका और कांगड़ा पहाड़ा स्कूल के अयान संयुक्त रूप से 98 दशमलव 2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे। बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि पुनर्निरीक्षण व पुनर्मूल्यांकन के लिए 15 दिनों का समय दिया जाएगा, जिसके लिए एक हज़ार व 8 सौ रूपये शुल्क रहेगा।

**बधाई**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा घोषित 12वीं कक्षा की परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम और पढ़ाई के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस बीच शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भी प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा

परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है जो राज्य सरकार और शिक्षा बोर्ड द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए निरंतर सुधारों व प्रयासों के सकारात्मक परिणाम को दर्शाता है।

## दुर्घटना

सिरमौर जिले के संगड़ाह उपमंडल में पिऊ ललाणी भलोना सड़क पर आज एक कार के गहरी खाई में गिरने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल है। मृतकों की पहचान भलौना स्कूल की मुख्य शिक्षिका अमरा देवी और उनकी 14 वर्षीय बेटी अराध्या, ऊँचा टिक्कर की 14 वर्षीय प्रियंका और कजवा के 62 वर्षीय सज्जन सिंह के रूप में हुई है। चालक को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज नाहन रेफर किया गया है। प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 25–25 हजार रुपए की फौरी राहत जारी की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस दुर्घटना में 4 लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक जताते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवदेनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने ज़िला प्रशासन से इस दुर्घटना से संबंधित रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## विधानसभा अध्यक्ष

मध्य प्रदेश, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, ओड़िशा और हिमाचल प्रदेश के पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक कल जयपुर में आयोजित होगी। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी इस बैठक में भाग लेंगे। इस दौरान राज्य विधान मंडलों की समितियों की कार्यप्रणाली के सशक्तिकरण के लिए गहन विचार–विमर्श व मंथन किया जाएगा। बाद में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य राज्य विधान मंडलों में इसकी कार्यप्रणाली को सशक्त बनाना है।

## पश्चिम एशिया– ब्रीफिंग

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर में एलपीजी वितरकों के पास एलपीजी की कमी नहीं हुई है और व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल हो गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि अप्रैल महीने में दो लाख 15 हजार टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी की बिक्री हुई है। उन्होंने बताया कि इस महीने के दौरान 5 किलोग्राम के 23 लाख से अधिक सिलेंडर बेचे गए हैं।

## भेंट

हिमाचल प्रदेश पैंशनर्ज़ ज्वाइंट फ्रंट के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष आत्माराम ने मुख्यमंत्री को पैंशनरों की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया और उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

**पंचायत चुनाव मंडी**

मंडी जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया है कि जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि जिले की 5 सौ 77 ग्राम पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य और पंचायत समिति व ज़िला परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन 7, 8 व 11 मई को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

---------------------------------------------------------------------------------------------